उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 15.03.2024
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

# पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 15.03.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।






## जनपद में यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर प्रभारी यातायात द्वारा जनपद में भ्रमण कर विभिन्न स्थलों में यातायात व्यवस्था का किया गया औचक निरीक्षण, वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक..

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 15.03.2024 को जनपद में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के लिये प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा जनपद मुख्यालय में प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर यातायात पुलिस कर्मियों की मौके पर मौजदूगी की तस्दीक करते हुये ड्यूटियों को चेक किया गया साथ ही जनपद में यातायात व्यवस्था से रूबरू होते हुये विभिन्न महत्वपूर्ण चिन्हित प्वाइंटों पर पहुंच कर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी यातायात द्वारा यातायात पुलिस कर्मियों को जनपद में यातायात व्यवस्था अक्षुण्य/गतिमान बनाये रखने के सम्बन्ध मे ब्रीफ कर आवश्यक दशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में जनपद महोबा में होने वाली विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने व आमजनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता लाने हेतु यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपदीय यातायात पुलिस अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु जागरूक किया गया साथ ही वाहन चलाये समय हेलमेट का प्रयोग करते हुए निर्धारित जनशक्ति को ही वाहन में बैठायें, वाहन चलाये समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें इत्यादि नियमों की जानकारी प्रदान करते हुए सभी वाहन चालकों को यातायात नियमो का पालन करते हुए सडक पर चलने की हिदायत दी गई।





## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना चरखारी का किया गया वार्षिक निरीक्षण, थाना कार्यालय के समस्त अभिलेखों का अवलोकन कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश..।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा दिनांक 14.03.2024 को थाना चरखारी जनपद महोबा का वार्षिक निरीक्षण किया गया जिसमें सर्वप्रथम थाना स्थानीय पर सुसज्जित सलामी गार्द द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा को सलामी दी गयी, सलामी के उपरान्त निम्नवत क्रम में निरीक्षण किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये-

**थाना परिसर/कार्यालय-** निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, मैस, बैरक, हवालात, शौचालय आदि को चेक करने के साथ साथ थाने के शस्त्रागार तथा थाना कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण अभिलेखों क्रमशः अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर तथा फ्लाईशीट का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना स्तर पर की गयी कार्यवाहियों/तैयारियों की समीक्षा करते हुये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

**महिला /साइबर हेल्प डेस्क-** मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत व महिला सम्बन्धित शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेने व त्वरित कार्यवाही हेतु थाना अजनर पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा डियूटी पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को महिला सम्बन्धी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज कर शिकायत पर की गयी कार्यवाही भी दर्ज करने के साथ-साथ पीडित से फीडबैक लेने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये साथ ही साथ साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

**माल निस्तारण-** थाना चरखारी पर अभियोगों से सम्बन्धित मुकदमाती मालों का निरीक्षण करते हुए उनके तत्काल निस्तारण हेतु थानाध्यक्ष चरखारी को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित मालों को मा0 न्यायायल से अनुमति प्राप्त उपरान्त नियमानुसार निस्तारण कराया जाये।

**सैनिक सम्मेलन-** पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाने पर मौजूद सभी पुलिसकर्मियों के साथ सैनिक सम्मेल/वार्ता की गयी तथा उनकी समस्या को जानकर तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति अच्छा व्यवहार रखने तथा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत लगन तथा निष्ठापूर्वक ड्यूटी किये जाने हेतु प्रेरित किया गया एवं थाना स्तर पर लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण करवाये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

**पीस कमेटी-** इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना चरखारी पर आगामी त्यौहार होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम चौकीदारों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी ।

मीटिंग में आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने तथा नागरिकता संशोधन अधिनियम से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने व पालन करने हेतु अपील की गयी ।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रवि गौंड, थानाध्यक्ष चरखारी श्री गणेश कुमार, वाचक पुलिस अधीक्षक निरीक्षक श्री संतोष कुमार, सहित थाना चरखारी में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन पहुंच साप्ताहिक शुक्रवार की परेड में सलामी ली गयी, पुलिस लाइन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा साप्ताहिक अर्दली रुम कर अधीनस्थों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देशः-

आज दिनांक 15.03.2024 को श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई व टोलीवार परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक एवं मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़/परेड ड्रिल कराई गई। पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने के निर्देश दिए गए, पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत साप्ताहिक शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाइन महोबा में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों से अभ्यास कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में पुलिस लाइन, महोबा परिसर का भ्रमण कर कार्यालय भोजनालय, बैरक व शौचालय का साफ सफाई के दृष्टिगत निरीक्षण किया गया। स्वयं भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता को परखा गया, सभी पुलिस कर्मियों के मैस, बैरक, स्नानागार, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किया गया। संबंधित को पुलिस लाइन परिसर में उच्च कोटि की साफ-सफाई बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में साप्ताहिक अर्दली रूम कर विभिन्न शाखाओं/सुरक्षा गार्दों के रजिस्टर चेक किए गए। इस दौरान अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये तथा पुलिस कर्मियों को उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखते हुए निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किए जाने के दिए निर्देश।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/नगर श्री दीपक दूबे, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार सहित पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय के सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।





## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल गोष्ठी कर आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पुलिस की प्राथमिकताएं, जनपद में कानून-व्यवस्था व अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए जनपद के समस्त Go's/Sho's/SO's को आवश्यक निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा आज दिनांक 15.03.2024 को जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों तथा चुनाव प्रभारी के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल गोष्ठी की गई जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस की प्राथमिकताएं, जनपद में कानून व्यवस्था व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

- केन्द्रीय पुलिस बल (सी.ए.पी.एफ.) के ठहरने हेतु चिन्हित स्थलों का भौतिक सत्यापन कर लिया जाये, जिसमें मानक के अनुरुप समस्त मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।
- बाह्य जनपदों से प्राप्त होने वाले पुलिस बल, होमगार्ड्स, पीआरडी के रुकने हेतु चिन्हित स्थलों का भौतिक सत्यापन कर लिया जाये, जिसमें मानक के अनुरुप समस्त मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।
- मध्य प्रदेश सीमा क्षेत्र से जुडे हुए थाना प्रभारियों से वार्ता कर अन्तर्राज्यीय बैरियर चेक पोस्ट पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये तथा चेक पोस्ट के पास सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।
- लोकसभा चुनाव प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जिनको अपने **polling centres** से संबंधित क्षेत्र की बेहतर जानकारी हो उनको ICPC **(Incharge Polling Centre)** बना लिये जायें। सभी ICPC द्वारा 30 बिन्दुओ का रजिस्टर बना लिया जाये जो अपने पोलिंग सेन्टर का भ्रमण कर लें एवं बनाये गये गूगल फार्म के माध्यम से सत्यापित कर लें।
- आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रिर्सोसेज एवं पुलिस बल की आवश्यकता का पूर्व से मूल्यांकन कर लिया जाये।
- मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पीए सिस्टम की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाये तथा पोस्टर पार्टी को सक्रिय रखा जाये। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के दृष्टिगत नियमित सतर्क दृष्टि रखी जाये एवं आवश्यकतानुसार पुलिस बल का व्यवस्थापन किये जाये।
- अवैध शराब निष्कर्षण/ ब्रिकी आदि के विरूद्ध क्षेत्राधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी के साथ संयुक्त रूप से प्रभावी कार्यवाही की जाये।
- साम्प्रदायिक व जातीय विवाद से सम्बंधित किसी भी घटना को अत्यंत गम्भीरतापूर्वक लेते हुये त्वरित वैधानिक कार्यवाही की जाये। अवैध रूप से व्यवस्थापित एवं मानक के विरूद्ध ध्वनि विस्तारित यंत्रों का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाये।





## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्यौहारों एवं प्रस्तावित लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण एवं परिवहन की रोकथाम व ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 15.03.2024 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई द्वारा उ0नि0 रामकिशन यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। गठित हुई पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ दो नफर अभियुक्त क्रमशः 1. स्वामीदीन पुत्र जोधा उम्र 60 वर्ष नि0मु0 शंकरपुरवा अम्बेडकर नगर कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा, 2.भूरे लाल साहू पुत्र मंगी साहू उम्र 65 वर्ष नि0मु0 शास्त्रीनगर कस्वा व थाना कबरई जिला महोबा को छंगा तिराहा के पास से नियमानुसार हिरासत में लिया गया, जिनके कब्जे से 02 अदद झोले में क्रमशः 18 क्वार्टर तथा 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब ठेका नाजायज बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कबरई में क्रमशः मु0अ0सं0 68/2024 व मु0अ0सं0 69/2024 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक अग्रिम कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 रामकिशन यादव
2. हे0कां0 रामकरन सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. स्वामीदीन पुत्र पुत्र जोधा उम्र 60 वर्ष नि0मु0 शंकरपुरवा अम्बेडकर नगर कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा ,
2. भूरे लाल साहू पुत्र मंगी साहू उम्र 65 वर्ष नि0मु0 शास्त्रीनगर कस्वा व थाना कबरई जिला महोबा।

### बरामद सम्पत्तिः-

अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अदद झोले से क्रमशः 18 क्वार्टर तथा 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब ठेका नाजायज।

